भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 230
उत्तर देने की तारीख 19 दिसंबर, 2023
28 अग्रहायण, 1945 (शक)

खेल अवसंरचना

230. श्री घनश्याम सिंह लोधी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल अवसंरचना को सुकर बनाने के लिए कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में इसके लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार का खेलों में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्रीय खेल सुविधाएं स्थापित करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए योजनाबद्ध केन्द्रीय खेल सुविधाओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा प्रस्तावित भावी कार्रवाई क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ङ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

“खेल अवसंरचना” के संबंध में श्री घनश्याम सिंह लोधी द्वारा दिनांक 19.12.2023 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 230 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) से (ङ) : ‘खेल’ राज्य का विषय होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को खेलों में प्रोत्साहित करने के लिए खेल अवसंरचना के निर्माण सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है । केंद्र सरकार केवल उनके प्रयासों में सहायता करती है । तथापि, इस मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों सहित देशभर में विभिन्न श्रेणियों की 341 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को अनुमोदित किया है । साथ ही, इस मंत्रालय की खेलो इंडिया स्कीम के तहत 36 राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों के 679 जिलों में 1000 खेलो इंडिया केंद्रों और 31 राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों में 32 खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों को अधिसूचित किया गया है । इसके अतिरिक्त, 23 राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों में 296 खेल अकादमियों को प्रत्यायित किया गया है ।

इसके अतिरिक्त, इस मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों सहित देशभर में 23 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों, 69 साई प्रशिक्षण केंद्रों, 26 विस्तार केंद्रों और 68 राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन करता है । उपरोक्त खेल सुविधाओं का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है ।

****